Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 21 August 2024

Dainik Jagran
Page - 04, 05

कार्यक्रमों से गुलजार रहेगा गोवि परिसर

दीक्षा समारोह

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : अपने 43वें दीक्षा समारोह को यादगार बनाने की तैयारी दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने कर ली है। इस क्रम में दीक्षा समारोह सप्ताह का आयोजन विश्वविद्यालय की ओर से किया जा रहा है। इसके तहत समारोह से पहले परिसर में सप्ताह भर विविध आयोजन किए जाएंगे। पीएचडीधारक दो सप्ताह भर चलने वाले आयोजनों की शुरुआत होगी और समारोह के पूर्णाभ्यास से इसका समापन होगा। इसे लेकर विभागों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। सबने अपनी-अपनी तैयारी कर ली है। विभाग सप्ताह भर तक गैरधार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक सरोकार से जुड़े आयोजन करेंगे। दीक्षा समारोह सप्ताह की शुरुआत 23 अगस्त से होगी। पहले दिन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से पौधरोपण किया जाएगा। इसी दिन मानवविज्ञान विज्ञान विभाग द्वारा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और इतिहास विभाग द्वारा विभाजन विभीषिका से संबंधित परिचर्चा का आयोजन होगा। इसके साथ ही दर्शन



- विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारी सबसे की है अपनी तैयारी
- पीएचडीधारक दो सप्ताह की गुरुआत पूर्णाभ्यास के साथ समापन

शास्त्र विभाग द्वारा पुनर्जागरण और श्रीअरविंद पर व्याख्यान होगा। 23 व 24 अगस्त को ललित कला एवं संगीत विभाग द्वारा अमृत कला विधिक्ष में चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन होगा। 25 अगस्त : वाचिन्न विभाग द्वारा अमृत काल आज नोएल पर चर्चा। 26 अगस्त : वाचिन्न विभाग द्वारा भारत के समक्ष चुनौतियां विषय पर भाषण प्रतियोगिता, इतिहासविभाग विभाग में विभाजन प्रतियोगिता, कंप्यूटर साइंस विभाग में पोस्टर प्रदर्शनी, शुभम तीन नवंबर से ललित कला एवं संगीत विभाग द्वारा संगीत संध्या। 28 अगस्त : हिंदी विभाग द्वारा कादम्बरी वर्ष व्याख्यान, महादेवी गोरखनाथ शोधपीठ द्वारा पुस्तक समीक्षा कार्यक्रम 29 अगस्त : सुबह 11:00 बजे से समारोह का दीक्षा भवन में पूर्णाभ्यास।

Amar Ujala
Page - 07

दीक्षांत समारोह : सप्ताह भर होंगे कार्यक्रम

डीडीयू में रौक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक सरोकार रखने वाले होंगे कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के 43वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर सप्ताह भर रौक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक सरोकार रखने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

शुक्रवार से शुरू होने वाले कार्यक्रमों में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से पौधरोपण किया जाएगा। 23 अगस्त को ललित कला एवं संगीत विभाग द्वारा अमृत कला विधिक्ष में चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। गोरखपुर विश्वविद्यालय के बीए प्रथम वर्ष में बुधवार को आरक्षित श्रेणी (एससी, एसटी एवं ओबीसी संवर्ग) के चतुर्थ एवं प्रतीक्षा सूची से प्रवेश होगा। प्रवेश सह समन्वयक डॉ. मनीष पांडेय ने बताया कि 21 अगस्त को बीए ऑनर्स में सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक छिछड़ा वर्ग की चतुर्थ सूची से 54 अंक एवं अनुसूचित जाति की चतुर्थ सूची से 50 अंक तक के अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा। अनुसूचित जनजाति (एसटी संवर्ग) के सभी अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा। संवाद

Hindustan
Page - 04, 05, 06

डीडीयू | चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में किया गया है बदलाव, माइनर विषय को अब बना रहेगा सेमेस्टर तक ही पढ़ना होगा

अब वैकल्पिक नहीं मुख्य विषय होगा माइनर

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक के अब माइनर वैकल्पिक नहीं मुख्य विषय के रूप में पढ़ाए जाएंगे। विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को पढ़ाई का बोझ कम करने के लिए यह तय किया है। दो-तीन वर्ष की बजाय दीनदयाल विश्वविद्यालय